नये मतदाता बनानेपर जोर बूथोंपर चला विशेष अभियान

छूटे पात्रोंसे फार्म छह भराकर मतदाता सूचीमें शामिल करें उनके नाम-डीएम

१२ नवंबरको होगा मतदाता सूचीका प्रकाशन, ११ दिसम्बर तक लिये जायंगे दावे एवं आपत्तियां



आगामी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को देखते हुए नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जोर दिया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को बूथों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय-हरवारा, मेरी वानामेकर इण्टर कालेज सहित अन्य बूथों पर पहुंचकर विधान सभा निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से प्रथम बार-छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से चल रहे विशेष अभियान कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाये। सभी पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत मतदाता सूची में नाम शामिल हो। उन्होंने बूथों पर तैनात बीएलओं को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष कैम्प के पश्चात डोर-टू-डोर अभियान चलाकर प्रथम बार-छूटे हुए पात्र नागरिकों से फार्म-छह भरवायें तथा उनकी फीडिंग करते हुए ऐसे लोगो का नाम मतदाता सूची में शामिल करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी मतदाता बूथ पर आयें, उनका फार्म-६ भराकर तथा सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए तत्काल फीडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिक लोकतंत्र का दायित्व निभाये तथा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि आफलाइन के साथ-साथ आनलाइन माध्यम से आयोग के एप ऍंर्ध्ड्ऊिं मोबाइल एप एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी पात्र नागरिक फार्म-६, ७ एवं ८ सब्मिट कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर जेण्डर रेशियों कम है, वहां पर महिला मतदाओं जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं शामिल है, उनसे फार्म-६ भरवाते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करायें। निर्वाचन नामावली के आलेख्य सूची का प्रकाशन १२ नवंबर किया जायेगा तथा १२ से ११ दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी तथा चार जनवरी २०२७ को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पात्र मतदाओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलत हो, कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूचीमें छूटने न पाये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अंकित वर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने ईवीएम एफएलसी के कार्यका किया निरीक्षण

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस मुबारकपुर कोटवा ब्लाक भगवतपुर में चल रहे ईवीएम एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी (डीएम) ने आगामी निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम मशीनों की एफएलसी का कार्य आयोग के द्वारा निर्धारित मानक का पूर्णत: अनुपालन करते हुए कराये जाने का निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने एफएलसी कार्यकम के दौरान जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने के लिए कहा। उन्होंने एफएलसी के दौरान कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी एफएलसी हाल के अन्दर मोबाइल न ले जाने पाये और बिना पहचान पत्र के किसी अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रवेश न देने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी के माध्यम से एफएलसी के कार्य को देखा तथा रजिस्टर में दर्ज एंट्री के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सम्बंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मांगोंको लेकर सीटूने किया धरना-प्रदर्शन

सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सिविल लाइंस धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा और एसआईआर को रद्द करने की मांग की गयी। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में राजनीतिक बराबरी अवश्य आई थी। एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत ने देश की आम जनता को यह अधिकार दिया था कि वह अपनी सरकार चुन सके। परंतु सरकार जनता से यह अधिकार भी छीनना चाहती है। आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के माध्यम से सरकार वोट चोरी पर उतर आई है। उत्तर प्रदेश में कोई चुनाव न होने के बावजूद नवंबर २५ में एक माह के भीतर ही एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कराना चाहती थी। यह दर्शाता है कि सरकार और चुनाव आयोग की मंशा साफ नहीं थी। अब देश भर में १३.८ करोड़ मतदाताओं को वोट देने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। लेकिन सरकार की मिलीभगत से इस वोट चोरी का पर्दाफाश होने पर सरकार तिलमिला उठी। १० अक्टूबर को रेल और मेट्रो सेवाएं बंद करने से लेकर दमनात्मक कारवाईयों का सिलसिला शुरू हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब



जनता अपनी राजनीतिक आजादी और जनतंत्र को बचाने के लिए सड़कों पर उतरी है, तो सीईसी को इस्तीफा देना होगा। हमें देश में चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करनी होगी। अध्यक्षता नंदलाल गुप्ता तथा विकास स्वरूप ने किया। सीटू के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अविनाश, घनश्याम मौर्य, आलोक तिवारी, मोहन सिंह, विमल चौधरी, राजेश सचान, राजीव मिश्र, निधि, प्रियांशु, चंद्रप्रकाश, अमित, शिखा, ऋचा, समीर भट्टाचार्य, समीर गांगुली, सुधीर आदि रहे।

जिगना स्टेशनपर तीन ट्रेनोंका ठहराव अस्थायी रूपसे स्थगित

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत प्रयागराज-पं. दीन दयाल उपा. जं. खंड पर जिगना और गैपुरा स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन के हेतु किये जा रहे यार्ड रीमाडलिंग कार्य के कारण गाड़ियों के ठहराव स्थगन की तिथि संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। अस्थायी ठहराव स्थगन २८ अक्तूबर से पांच नवम्बर तक नौ दिनों के लिए जिगना स्टेशन पर तीन ट्रेनों गाड़ी संख्या ६४५९५ (पं. दीन दयाल उपा. जं.-सूबेदारगंज मेमू), गाड़ी संख्या ६३२३७ (पं. दीन दयाल उपा. जं.-सूबेदारगंज मेमू) और गाड़ी संख्या १३३०९ (चुनार-प्रयागराज एक्सप्रेस)का ठहराव अस्थायी रूप से स्थगित रहेगा।

श्वास एवं दमा के मरीजोंके लिये कल मिलेगी नि:शुल्क दवा

श्री राधेश्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्वास एवं दमा रोगियों के लिए नि:शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सोमवार २६ अक्टूबर प्रात: ४ से ६ बजे तक सेंट जोसफ स्कूल (कंपनी बाग मेन गेटके सामने) आयोजित होगा। इस दवाको सूर्योदयसे पूर्व लेना अनिवार्य होता है। जो मरीज शिविर में आने में असमर्थ हैं वह दवा को कोरियर के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में कहीं भी मंगा सकते हैं।मरीजों की सुविधा के लिए दवा एवं कोरियर सेवा दोनों पूरी तरह नि:शुल्क है।

हाइड्रोलिक टैम्पिंग मशीनसे ट्रैक अनुरक्षण कार्य होगा तेज

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक के प्रभावी, कुशल एवं सुरक्षित अनुरक्षण के लिए एक अत्याधुनिक पोर्टेबल हाइड्रोलिक टैम्पिंग मशीन का प्रयोग हेतु अपनाया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में रेलवे में निरंतर नये तकनीकी प्रयोग किए जा रहे हैं, जिसमें यह मशीन एक अत्यंत उपयोगी कदम साबित हो रही है। यह मशीन विशेष रूप से उन पृथक स्थानों और रेलवे यार्डों के लिए डिजाइन की गयी है, जहां ट्रैक की पैकिंग ढीली हो गयी हो और त्वरित अनुरक्षण की आवश्यकता हो। इस मशीन में दक्ष टैम्पिंग प्रक्रिया, उच्च कंपन आवृत्ति, आफ-ट्रैक एवं पोर्टेबल डिजाइन है। यह मशीन यार्ड लाइनों के साथ-साथ कठिन पाइंट और क्रासिंग की टैम्पिंग करने में भी पूरी तरह सक्षम है। इसमें कम मानवशक्ति लगती है एवं समयकी बचत होती है। वर्तमान में यह मशीन आयातित है। इस मशीन में व्यावहारिक सुधार करते हुए जल्द ही इसका स्वदेशी-मेक इन इंडिया संस्करण विकसित करने के निर्देश महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह द्वारा दिया गया है।

बकायेदारो एवं बिजली चोरीके खिलाफ तेज होगा जांच अभियान

गली-मोहल्लोंमें प्रवर्तन दलकी टीम करेगी औचक निरीक्षण

बिजली के बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के लिए दिक्कत बन सकती है। बिजली विभाग ने छोटे और बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी की है। साथ ही गली मोहल्लों में बिजली चोरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रवर्तन दल के औचक निरीक्षण किया जायेगा। नगर के विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान किसी का भी पांच हजार से अधिक का बकाया मिलेगा। उसका कनेक्शन तत्काल काट दिया जायेगा। बिजली विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। बिजली विभाग के अधिकारी निरंतर लोगों से अपना बकाया बिल जमा करने के लिए अपील कर रहे हैं। एक बार बिजली कनेक्शन कटने पर पेनाल्टी के साथ नया चार्ज देने पर जुड़वाना होगा। इससे लोगों की दिक्कतें बढ़ जायेंगी। सभी बकायेदारों को चिन्हित करते हुए पूर्व में नोटिस भेजी जा चुकी है। नगर के अलग अलग फीडर से जुड़े इलाकों में कटियामारी और मीटर में सेंधमारी कर बिजली चोरी की जांच की तैयारी की जा रही है। इसमें नगर के विद्युत उपकेन्द्रों तेलियरगंज, बेली, म्योहाल, टैगोर टाउन, फोर्टरोड, गऊघाट, पावर हाउस, कल्याणी देवी, करेली, खुसरोबाग, करेलाबाग, करेली, बमरौली, सिविल लाइंस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठित की गयी है। कर्मचारी नियमित रूप से इलाके के फीडर के लोड की जांच कर विवरण जुटायेंगे। जिन फीडर पर अधिक लाइनलास विवरण में दर्ज होगा। ऐसे इलाकों को चिन्हित कर टीम प्रवर्तन दल के साथ औचक निरीक्षण करेंगे।

दशाश्वमेध घाटपर चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

दशाश्वमेध घाट पर शनिवार सुबह सात बजे से गंगा विचार मंच राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और प्रधान डाकघरके संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्वच्छता एवं सिंगल यूज पालीथिन मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अनामिका चौधरी स्टेट कन्वीनर काशी रीजन गंगा विचार मंच राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने किया। उनके साथ प्रधान डाकघर के जन संपर्क निरीक्षक राजेश वर्मा एवं उनकी टीम ने घाट पर फैली गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ किया। घाट पर पड़े पुराने माला-फूल, कपड़े, चित्र आदि को एक जगह एकत्रित कर उसे नगर निगम प्रयागराज द्वारा निस्तारित कराया गया। अभियान के दौरान गंगा के तट पर स्नान करने वाले लोगों को गंगा में पुराने कपड़े न धोने के लिए जागरूक किया गया। लोगों से कहा गया कि गंगा को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, गंगा में कपड़े धोने और गंदगी फेंकने से नदी प्रदूषित होती है। इसके बाद गंगा तटीय इलाकों में रैली निकालकर भी लोगों से अपने आसपास स्वच्छता रखने और सिंगल यूज़ पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की गई। रैली में शामिल कार्यकर्ताओं ने 'स्वच्छ गंगा, स्वच्छ प्रयागराज' के नारे लगाए। मेजर सुनील निषाद ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया।

त्योहार विशेष गाड़ीका होगा संचालन

रेल प्रशासन द्वारा आगामी पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या-०६२११ और ०६२१२-मैसूर-दरभंगा-मैसूर त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या-०६२११ मैसूर-दरभंगा मंगलवार २७ अक्तूबरसे २४ नवम्बर तक और गाड़ी संख्या-०६२१२ दरभंगा-मैसूर शनिवार ३१ अक्तूबर से २८ नवम्बर तक चलेगी।

नौकरीके नामपर धोखाधड़ीके आरोपितपर उत्पीड़नात्मक कारवाईपर रोक, केंद्र सरकारसे मांगा जवाब

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने असम राइफल्स में भर्ती के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में दर्ज एफआईआर के बाद शुरू हुई आपराधिक कार्यवाही में आरोपी को राहत देते हुए १९ नवंबर तक कोई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। और केंद्र सरकार से याचिका पर जवाब मांगा हैं। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने यह आदेश सुरेन्द्र यादव की याचिका पर दिया है।याची की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव, सबाना आजमी व केंद्र सरकार के अधिवक्ता जी पी सिंह ने बहस की।याची सुरेन्द्र यादव के खिलाफ थाना खेजुरी, जिला बलियामें एफआईआर दर्ज हुई। याचिका की अगली सुनवाई १९नवंबर को होगी।

दहेज हत्या केसमें जमानत अर्जी मंजूर

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दहेज हत्या और पाक्सो के मामले में लगभग २ साल से जेल में बंद पति को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा - ट्रायल कोर्ट ने जमानत खारिज करते हुए जल्द निपटारे का निर्देश दिया था, लेकिन स्टेटस रिपोर्ट से पता चलता है कि उस निर्देश का पालन ही नहीं हुआ, अभियोजन का एक गवाह, गवाही के बाद हाजिर ही नहीं हो रहा, वारंट के बावजूद नहीं आ रहा। ऐसे में अनुच्छेद २१ के तहत त्वरित सुनवाई का मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहा है।

निशांत चौधरी की अर्जी पर न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने यह आदेश पारित किया।याची की ओर से सीनियर एडवोकेट दया शंकर मिश्रा के साथ चंद्रकेश मिश्रा, वसुंधरा ने बहस की।याची के खिलाफ थाना टांडा, जिला रामपुर में केस दर्ज है। इसी मामले में तीन जमानत अर्जी खारिज हो चुकी थी,यह चौथी अर्जी दी। कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर ली।

सीबीआई भ्रष्टाचार केसमें डिस्चार्ज अर्जीका मिला रास्ता, ३० दिन तक कोई उत्पीड़नात्मक काररवाई नहीं

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक मामले में चार्जशीट और सम्मन आदेश को रद्द करने की याचिका पर याची को सी बी आई कोर्ट में डिस्चार्ज अर्जी दाखिल करने की अनुमति दे दी है और उसके खिलाफ ३० दिन तक कोई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। रईस अहमद की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने दिया। याची की ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी और विपक्षी सी बी आई की ओर से राहुल श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। याची रईस अहमद पिछले २५साल से आशीष जैन के संस्थानों में एकाउंटेंट था।ये संस्थाएं सी जी एच एस से जुड़ी है। निरीक्षण में कमियां पाई गई।अपर निदेशक व कार्यालय अधीक्षक ने कमियां ठीक करने के लिए ५०लाख की घूस मांगी।याची अस्पताल के सहयोगी के साथ पांच लाख पहली किश्त लेकर सी जी एच एस कार्यालय मेरठ पहुंचा।पूरी रकम अगले दिन देने के लिए वापस जाते समय याची बैग सहित सी बी आई द्वारा पकड़ा गया। याची व अन्य के खिलाफ सी बी आई, ए सी बी गाजियाबाद में भ्रष्टाचार के आरोप में केस चल रहा है। १०अक्टूबर२०२५ को चार्जशीट दाखिल की गई, जिस पर १३मई २०२६ को सम्मन आदेश पारित किया गया ।इसी चार्जशीट और सम्मन आदेश को रद्द करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कहा उसे झूठा फंसाया गया है। किंतु याची के वकील ने प्रार्थना की कि याची को संबंधित कोर्ट के समक्ष डिस्चार्ज के लिए समुचित प्रार्थना पत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी जाए। कोर्ट ने कहा याची को आज से १५ दिन के भीतर संबंधित कोर्ट के समक्ष उपस्थित होकर डिस्चार्ज का दावा करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल करने की अनुमति दी जाती है।कोर्ट वकीलों को सुनने के बाद गुण-दोष के आधार पर, कानून के अनुसार शीघ्रता से उस प्रार्थना पत्र का निस्तारण करेगी।और ३० दिन की अवधि तक याची के खिलाफ कोई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।और याचिका निस्तारित कर दी गई।

सोना-चांदीके भावमें गिरावट

लम्बे समय के बाद त्योहारी सीजन में सोना और चांदी के भाव में गिरावट से सराफा कारोबारियों और ग्राहकों को राहत मिली हैं। इधर दामों में नरमी के कारण धनतेरस और दीपावली से पहले सराफा बाजारों में ग्राहकों की एडवांस बुकिंग और खरीदारी तेज हो गयी है। इस समय सोने का प्रति १० ग्राम का भाव एक लाख ४४ हजार रु. एवं प्रतिकिलो चांदी का भाव २ लाख रुपये के करीब पहुंच गया है। सराफा कारोबारियों का कहना है कि इसके पहले जनवरी २०२६ के अपने रिकार्ड उच्च स्तर करीब ४.१० लाख रुपये से ४.२० लाख प्रति किलो के मुकाबले चांदी की कीमतों में लगभग आधी या १.९० लाख रुपये की बड़ी गिरावट आयी है। वहीं पिछले कुछ हफ्तों में चांदी दस हजार रुपये से १४ हजार रुपये तक सस्ती हुई है। इससे सराफा बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। कारोबारियों को करवाचौथ, धनतेरस और दीपावली के पहले कीमतें कम होने से व्यापार बेहतर होने की उम्मीद है। वहीं निरंतर सोना और चांदी के भाव में बढ़ोतरी होने से लोगों ने सराफ बाजार से दूरी बना लिया था। लोग शुभ कार्यक्रमों के दौरान वजनदार के स्थान पर हल्के आभूषणों की खरीदारी करते रहे हैं। काफी अरसे के बाद नगर के सराफा बाजारों चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज, महाजनी टोला, मीरगंज, रानीमंडी, सिविल लाइंस, कटरा में ग्राहकों के आने से चहल पहल बढ़ने लगी है।

आज भरत मिलापके बाद नागवासुकि मंदिरमें होगा राजगद्दी समारोह

राज सिंहासनपर विराजेंगे श्री पथरचट्टीके श्रीराम, पजावामें होगा राजतिलक

श्री दारागंज रामलीला कमेटी के चल रहे रामलीला दशहरा महोत्सव अब अंतिम पड़ाव पर आ गया है। २५ अक्तूबर को सर्वप्रथम भगवान की सवारी प्रात: शृंगार भवन से गाजे बाजे दलबल के साथ संगम स्नान के लिए जाएगी। नाव से संगम पहुंचने पर वहां प्रयागवाल, गंगापुत्र, निषाद समाज द्वारा उनका कठौता में पैर पखार कर पूजन अर्चन आरती की जाएगी। फिर वहां से रास्ते भर पूजन अर्चन स्वीकार करते हुए भगवान की सवारी शृंगार भवन पहुंचेगी। शाम को भरत-शत्रुघ्न की सवारी सर्वप्रथम शृंगार भवन से निकलकर, पंडित लोकनाथ भारद्वाज के आवास पर जायगी वहां पूजन अर्चन स्वीकार कर, डॉ प्रभात शास्त्री मार्ग से निराला चौराहे पर भरत मिलाप के लिए पहुंचेगी। दूसरी तरफ से नगाड़ खाना होते हुये प्रभु श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान जी पहुंचेंगे। वहां लीला संयोजक पंडित सियाराम शास्त्री के निर्देशन में भरत मिलाप की लीला होगी। कमेटी के मीडिया प्रभारी तीर्थराज पांडेय बच्चा भैया ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह के पश्चात भगवान की सवारी निराला मार्ग होते हुए, भगवान माधव मंदिर, पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहा, बड़ी कोठी होते हुए अयोध्यापुरी नागवासुकि मंदिर पर पहुंचेगी। वहां इस वर्ष के अंतिम आयोजन में राजगद्दी समारोह होगा। कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने बताया कि इस अंतिम आयोजन के पश्चात भगवान का अस्त्र-शस्त्र वस्त्र मुकुट को पूजन अर्चन करके रखा जाएगा और अगले वर्ष दोबारा मुकुट पूजन के दिन फिर से निकला जाएगा। इसी क्रम में श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी की ओर से २५ अक्टूबर को कमेटी के लीला परिसर में शाम सात बजे दिव्य आलोक से शोभित अयोध्या के राजसिन्हासन पर १४ वर्ष के वनवास के बाद लौटे श्री राम विराजेंगे। कमेटी के मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त सौरभ ने बताया कि इस मौके पर एक भव्य भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी होगा। साथ ही श्री महन्त बाबा हाथीराम पजावा रामलीला कमेटी की ओर से भव्य राजगद्दी समारोह २५ अक्तूबर की रात्रि आठ बजे पजावा रामलीला मैदान अतरसुइया परिसर में ११ ब्राह्मण की उपस्थिति में मंत्र उच्चारण के साथ प्रभु श्री राम का राजतिलक किया जाएगा। इस मौके पर सुप्रसिद्ध मुंबई के गायक एवं इंडियन आइडल के सहभागिता कर चुकी राधा श्रीवास्तव एवं अमित रंजन श्रीवास्तव भक्ति संगीत एवं पूजा अग्रवाल एवं ग्रुप की ओर से लोक नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

अग्रसेन दीपावली मेलेमें जुटे लोग

अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज का सिविल लाइंस स्थित एक होटल में अग्रसेन दीपावली मेला आयोजित हुआ। इस मौके पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता 'नंदी' रहीं। समाज के अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित मेले में वयोवृद्ध दम्पतियों का 'अटूट बंधन अभिनन्दन', मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, अग्रसेन म्यूजिकल स्टार का ग्रैंड फिनाले, 'अग्रसेन अनमोल रत्न सम्मान' तथा रक्तदान वैन प्रमुख आकर्षण रहे। जयंती संयोजक सीए विनय गोयल ने कहा कि अग्रसेन दीपावली मेला समाज की एकता, पारिवारिक संस्कारों, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और मानव सेवा की भावना



को समर्पित है।

ऐसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने के साथ वरिष्ठजनों के अनुभवोंका सम्मान करने, बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रक्तदान जैसी जनसेवा गतिविधियों को जोड़ना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

भाजपाइयों ने मतदाताओंको जोड़नेके लिए चलाया अभियान

पार्टीकी पहल को लेकर लोगों में रहा उत्साह

भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नये और छूटे हुए मतदाताओं को नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अभियान चलाया। पार्टी की इस पहल को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को चलाए गए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर द्वारा भी महानगर के सभी १५ मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों द्वारा नए व छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाया गया। भाजपा जिला मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा ने बताया कि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने खुद महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों (शहर उत्तरी, दक्षिणी एवं शहर पश्चिमी) के विभिन्न बूथों पर जाकर एसआईआर अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता की। ज्वाला देवी इंटर कालेज, एमएनएनआईटी, महाशय मसूरियादीन, राष्ट्रीय महिला पालिटेक्निक रसूलाबाद आदि बूथों पर कार्यकर्ताओं ने नए व छुटे हुए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फार्म छह भरवाकर नए वोटरों को जोड़ने का काम किया। महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी,आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, महामंत्री विक्रमजीत सिंह भदौरिया, डा. शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विजय श्रीवास्तव, अरुण पटेल, सुजीत कुशवाहा, पार्षद प्रवीण भारती, मोहित गुप्ता आदि ने इस कार्य में प्रभावी सहभागिता की।

पुरानी नियमावलीसे एक मौका देनेकी मांग

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली के आधार पर एक अवसर देने की मांग को लेकर शनिवार को अभ्यर्थियों ने एडीएम सिटी एवं सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर अपनी मांग रखी। अभ्यर्थियों का कहना है कि नई नियमावली से टीजीटी भर्ती की नोटिस जारी होने से पुरानी नियमावली के तहत एक अवसर मिलने की उनकी उम्मीदों पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि अभ्यर्थियों को अधिकारियों की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। आशुतोष पांडेय ने कहा कि छात्र लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। यदि प्रशासन अभ्यथिर्यों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेता और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए कोई ठोस कदम नहीं उठाता है, तो छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। २६ अक्तूबर को शिक्षा निदेशालय के घेराव का निणर्य लिया गया है।

सरदार पटेल संस्थानमें होगा वोट बचाओ, देश बचाओ सम्मेलन

रविवार को अलोपीबाग के सरदार पटेल संस्थान में सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। शनिवार को मीडिया से रूबरू होते हुए ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल जयहिन्द, सहप्रभारी वरुण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मोना मिश्रा, सीएलपी लीडर वीरेंद्र चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव आदि उपस्थित रहेंगे।



उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की ओबीसी समाज, किसान और मजदूर मिलकर वोट की चोट के माध्यम से इस पिछड़ा विरोधी सरकार को सबक सिखायेगी। प्रदेश भर में ओबीसी के साथ हो रहे जुल्म ने असली तस्वीर दिखायी है। प्रयागराज में सम्मेलन आयोजित कर आरएसएस बीजेपी के अन्याय और वोट चोरी के खिलाफ हुंकार भरेंगे। ओबीसी का प्रधानमंत्री और नुकसान ओबीसी का ही, अब नहीं चलेगा। कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार छीनना हर नागरिक के साथ ऐसा है जैसे शरीर से प्राण निकाल लेना, इसलिए १ नवंबर को कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन रखा है। नारायण सिंह पटेल, विजय बहादुर यादव, राजेश्वरी पटेल,जीतेन्द्र पटेल, सुनील वर्मा, दीपक पटेल, रामजी पटेल आदि रहे।

ब्लाकके कारण कई ट्रेनोंके संचालनमें अस्थायी परिवर्तन

रेल प्रशासन द्वारा सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाराणसी-काशी-व्यासनगर एवं वाराणसी-वाराणसी खंड में सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य हेतु ब्लाक लिया जा रहा है। इस ब्लाक के कारण कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किये गये हैं। जिन ट्रेनों का टर्मिनल परिवर्तन किया गया है उनमें गाड़ी संख्या १३३४४ शक्तिनगर-वाराणसी (इंटरसिटी) २५ अक्तूबर को वाराणसी के स्थान पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (पं. दीन दयाल उपा. जं.) तक जाएगी। जबकि गाड़ी संख्या १३३४५ वाराणसी-सिंगरौली (इंटरसिटी) २५ अक्तूबर को वाराणसी के स्थान पर पं. दीन दयाल उपा. जं. से चलेगी। जिन ट्रेनों की रीशेड्यूलिंग की गयी है उनमें गाड़ी संख्या १५१५९ छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस २५ अक्तूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन छपरा से १५० मिनट विलम्ब से सुबह ९.४० बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या १९१६८ बनारस सिटी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस २५ अक्तूबर को बनारस सिटी से ४५ मिनट विलम्ब से १४.४५ बजे प्रस्थान करेगी।

स्पेशल ट्रेनके समयमें संशोधन

रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से गाड़ी संख्या ०४१६६ असरवा-प्रयागराज फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के हिम्मतनगर स्टेशन पर निर्धारित समय में संशोधन किया गया है, जो कि २९ अक्तूबर से प्रभावी होगी। रेलवे प्रशासन ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व रेलगाड़ियों की अद्यतन जानकारी हेतु रेलवे हेल्पलाइन नंबर १३९ अथवा ऐप का उपयोग करें।

परिवार मजबूत होगा तो राष्ट्र अपने आप मजबूत होगा-डा. सुरेन्द्र पाल

आरएसएस ने कुटुम्ब प्रबोधनके माध्यमसे लोगोंको अपनी जड़ोंसे जुड़े रहनेकी दी सीख

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित 'कुटुंब प्रबोधन' के माध्यम से परिवार को एक साथ बैठकर भोजन करना, संवाद करना और अपनी जड़ों से जुड़े रहने की सीख दी गयी है।संघ के वरिष्ठ प्रचारक डा. सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यदि परिवार मजबूत होगा तो राष्ट्र अपने आप मजबूत होगा।

शहर पश्चिमी क्षेत्र के वार्ड नंबर ५४, नंदगांव कालोनी स्थित प्राचीन श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कुटुंब प्रबोधन, परिवार मिलन एवं संस्कृत संस्कृति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं संघ के वरिष्ठ प्रचारक डा. सुरेंद्र पाल सिंह ने कुटुंब प्रबोधन के पांच बिंदुओं - भजन, भोजन, भ्रमण,



चर्चा और संस्कृत प्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि परिवार ही समाज की सबसे छोटी इकाई है, यदि परिवार मजबूत होगा तो राष्ट्र अपने आप मजबूत होगा।

वरिष्ठ प्रचारक अशोक उपाध्याय, मनीष ने कहा कि वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में जब एकल परिवार और मोबाइल संस्कृति बढ़ रही है, तब कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवार को एक साथ बैठकर भोजन करना, संवाद करना और अपनी जड़ों से जुड़े रहना सिखाना सबसे बड़ी जरूरत है।संचालन जय नारायणी ने किया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा संस्कृत श्लोक पाठ, देशभक्ति गीत, और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम के अंत में सभी परिवारों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में मनीष निरंजन, संजय सिंह, सरोज तिवारी, मनोज सिंह, योगेश त्रिपाठी, आर.पी. मिश्रा,राजीव मिश्रा,जगदीश सिंह बुंदेला,पुनशील पाण्डेय कमलेश मिश्रा,शीतला पाण्डे सहित कालोनी के सैकड़ों परिवारों ने भाग लिया।

नयी एक्सप्रेस ट्रेन सेवाका उद्घाटन कल

भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को बेहतर, सुगम एवं सुविधाजनक रेल सम्पर्क उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांतरागाछी-खातीपुरा तथा टाटानगर-खातीपुरा नयी एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का आरम्भ २६ अक्तूबर को किया जायेगा। इन नयी रेल सेवाओं के प्रारंभ होने से पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के बीच गमनागमन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा यात्रियोंको सुरक्षित, आरामदायक एवं समयबद्ध यात्रा का नया विकल्प प्राप्त होगा। यह पहल क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापार, पर्यटन एवं सामाजिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी नयी गति प्रदान करेगी।सांतरागाछी-खातीपुरा उद्घाटन विशेष ट्रेन गाड़ी संख्या-०८०६१ उद्घाटन विशेष सांतरागाछी से सोमवार को २६ अक्तूबर को चलेगी। इसी क्रम में रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए टाटानगर-खातीपुराके बीच नई ट्रेन सेवा प्रारंभ की जा रही है। इस ट्रेन सेवा का उद्घाटन २६ अक्तूबर २०२६ को गाड़ी सं ०८१८१ टाटानगर- खातीपुरा उद्घाटन विशेष ट्रेन के रूप में होगा। गाड़ी संख्या-०८१८१ उद्घाटन विशेष टाटानगर से सोमवार २६ अक्तूबर को चलेगी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी	: सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर	: बैंक रोड
कानपुर	: बांसमण्डी
लखनऊ	: १, जापलिंग रोड
आगरा	: महात्मा गांधी रोड
बरेली	: रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना	: फ्रेजर रोड
रांची	: नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर	: कालीमाटी रोड
धनबाद	: कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६०)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।